# आखिर मस्जिद में पत्थर कहां से आया न्यायिक जांच हो : डॉ शशिभूषण मेहता

## शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग के लिए विधायक ने जताया आभार

>> मेहता ने पांकी वासियों से अपील करते हुए कहा, धारा 144 का अनुपालन करें और शांति बनाये रखें



**मेदिनीनगर/सतबरवा।** पांकी की घटना दुभागयपूर्ण है दोनों समुदाय के बीच के संबंधों को बिगाड़ने की एक सोची समझी साजिश का परिणाम है। उक्त बाते पांकी के विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने पत्रकार वार्ता में कहीं। वे शुक्रवार को परिसदन में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि आखिर मस्जिद में पत्थर और शीशे के बोतल कहां से आये। इसे क्यों रखा गया था। उन्होंने सरकार से इसकी न्यायिक जांच करने की मांग की है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नही जाये, उनकी गिरफ्तारी जल्द से जदल हो साथ ही निर्दोषों को बेवजह फंसाने का काम नही किया जाये। उन्होंने कहा कि आपसी सदभाव बिगाड़ने वाले अस्माजिक तत्वों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिया जाए। विधायक ने पांकी वासियों से अपील करते हुए कहा है कि धारा 144 का अनुपालन करते हुए शांति बनाए रखें। प्रशासन असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी हुई है। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। असमाजिक तत्वों का कोई जाति और धर्म नहीं होता है, सिर्फ उन्हें समाज में वैमनस्यता फैलाना कार्य है। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी में दोनों समुदाय के लोग आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। असमाजिक तत्वों के कारण थोड़ा महौल बिगड़ा है जो धिरे धिरे सब ठीक हो जाएगा। डॉ विधायक मेहता ने कहा कि पांकी की जनता शुरू से ही अमन पसंद रहे हैं, शांति सौहार्द पुर्ण वातावरण में रहते हुए।

# पांकी में स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

## सभी लोग धारा 144 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा का करेंगे पालन : उपायुक्त

- पांकी के लोग महाशिवरात्रि पर्व अपने-अपने घरों में ही मनायें : एसपी
- कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है

मेदिनीनगर



**पांकी।** बिते दिनों पलामू जिले के पांकी में दो पक्षों के बीच हुए तनाव के संबंध में जानकारी देतो हुए उपायुक्त आंजने यूलू दोड्डे ने बताया कि पांकी में स्थिति शांतिपूर्व एवं पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होनें कहा कि शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भी पांकी में सभी लोग धारा 144 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा का पालन करेंगे एवं चार से ज्यादा लोग एक जगह पर इकट्ठा नहीं होंगे।

आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को भी कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। एहतियात के तौर पर आज भी पांकी में सुरक्षाबलों के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने पांकी के लोगों से अपील की है कि सभी लोग महाशिवरात्रि पर्व भी अपने-अपने घरों पर ही मनाए।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजुर ने किया निरीक्षण



**सतबरवा।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजुर ने शुक्रवार को सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बारी पंचायत अंतर्गत रजडेरवा तथा रबदा पंचायत के चेतमा गांव में मनरेगा से संचालित बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण किया। इस दौरान शैल प्रभा कुजूर ने कई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन कई आवासों का भी निरीक्षण किया। श्रीमती कुजूर ने इस दौरान लाभुकों तथा मनरेगा से जुड़े कर्मियों को कई सुझाव भी दिए ताकि बगवानी का लाभ मिल सके इस मौके पर डीआरडीए के संजय कुमार उपेंद्र कुमार बी पी ओ अमरेंद्र कुमार मेहता जेई नवीन कुमार नीरज पंकज कुमार रोशन रंजन पाठक सुरेश चौधरी मोहम्मद वकील अंसारी सरफराज आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मलय डैम मत्स्यजीवी समिति को उपायुक्त से भंग करने का आग्रह



**सतबरवा।** जिले के सिंचाई और मछली पालन केंद्र का अग्रणी केंद्र सतबरवा के मुरमा मलय डैम मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड को उपायुक्त पलामू से भंग करने का आग्रह किया गया है। शुक्रवार को मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड से जुड़े गांव के अधिकतर लोगों ने दुलसुलमा पंचायत सचिवालय में बैठक कर उपायुक्त पलामू से समिति को भंग करने का आग्रह किया है। पूर्व बीडीसी मनोज सिंह की अध्यक्षता में की गई बैठक में कहा गया है कि मलय डैम का निर्माण 1985 में हुआ था। जिसमें डूब क्षेत्र के 80 प्रतिशत गांव दुलसुलमा में पड़ता है। निजी स्वार्थ के लिए कुछ व्यक्तियों के द्वारा यहां के स्थानीय लोगों के साथ भयादोहन कर मछली मारने के दौरान प्रताड़ित करते हैं तथा गांव के लोगों को मारपीट कर भगा दिया जाता है। मालूम हो कि पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव सिंह ने 3 फरवरी 2023 को उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड को भंग करने का आग्रह कर चुके हैं। मलय डैम के पूर्व सचिव उदय कुमार सिंह के पुत्र गुड्डू कुमार सिंह ने बताया कि 26 जनवरी को डैम पर पोसने के लिए रखे गए एक सौ के करीब बत्तख को जहर देकर मार डाला गया था। 28 जनवरी को पूर्व समिति अध्यक्ष विश्वास सिंह पर मलय डैम के पानी में लगाए गए मछली पालन के लिए लगाएं केज कल्चर पर चाकूओं से गोदकर जान से मारने का प्रयास किया गया था। दोनों मामले की जानकारी सतबरवा पुलिस को दी गई है। पुलिस के अनुसार मामले में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। वही पंचायत सचिवालय बैठक में डॉ रविंद्र सिंह ,प्रदीप सिंह, जवाहिर राम ,वकील सिंह, गज्जू भुईया, धर्मेंद्र भुईया, सविता कुमारी, गुड्डू सिंह, गणेश सिंह, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह ने अपने विचारों को रखा।

### उप डाकपाल को मातृशोक

**हुसैनाबाद,पलामू।** जपला मुख्य डाकघर के उप डाकपाल विनोद चौधरी की मां पुनिया देवी 75 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा थाना अन्तर्गत देवरिया गांव स्थित श्मसान घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अरविन्द ओझा, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, रंजीत सिंह डाक अधिदर्शक रवि कुमार है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता, रंजीत कुमार, रत्नेश कुमार, पप्पू कुमार, संतोष टुड्डू, भोला कुमार, विक्रम कुमार, अरुण सिंह, सुधीर ठाकुर, संतोष ठाकुर, शिवकुमार विश्वकर्मा, सौरभ अग्रवाल, राजकुमार, कैलास मेहता, रविकांत सिंह, सुरेन्द्र ठाकुर सहित शाखा डाकघर के सभी शाखा डाकपाल एवं डाककर्मी प्रमुख हैं।

### एनआइ कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

पतरातू–सोननगर थर्ड लाईन की कमीशनिंग के मद्देनजर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंकोरहा, बरकीसलैया और नबी नगर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार रद्द रहेगा :

रद्द की गई ट्रेनें : 1. बरकाकाना से 19.02.2023 से 02.03.2023 तक प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 03341/03342 बरकाकाना–डेहरी ऑन सोन–बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल। 2. बरकाकाना से 19.02.2023 से 02.03.2023 तक प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 03359 बरकाकाना–वाराणसी पैसेंजर स्पेशल।

3. वाराणसी से 19.02.2023 से 03.03.2023 तक प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 03360 वाराणसी–बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा एकमात्र लक्ष्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

महेंद्र प्रजापति



छात्रावास का उद्घाटन करते स्थानीय विधायक।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के परियोजना जमुना देवी बालिका उच्च विद्यालय के छात्रावास का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व संचालन शिक्षाविद संजय पांडेय ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है। जिसे लक्ष्य बनाकर कार्य को गति दी जा रही है। यह छात्रावास जमुना कन्या उच्च विद्यालय के छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि छात्राओं के सुरक्षा के लिहाज से छात्रावास परिसर का चहारदीवारी निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ हीं छात्राओं को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए भेलवा नदी पर पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। बरसात के दिनों बरसाती पानी से तटबंध कटाव का डर बना रहता है। ऐसे में छात्रावास पर इसका असर ना पड़े इसलिए गार्ड वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा। चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हो रहा वह उनके द्वारा हीं किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज लाल, रविन्द्र नाथ, नईमुद्दीन अंसारी, प्राचार्य भोला राय, एएसआई अनंत कुमार सिंह, बिजय कुमार रवि,अरुण सहित कई लोग मौजूद थे।

# भक्ति व श्रद्धा के साथ भगवान शिव का तिलकोत्सव संपन्न, आज आयेगी बारात





राजेश प्रसाद

**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरूआत हो गई है। शुक्रवार को भगवान शंकर का तिलकोत्सव संपन्न हुआ। महाराजगंज स्थित ठाकुरबाड़ी से गाजे-बाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिपरा बगाही स्थित शिवालय पहुंचे। जहां विधि विधान के साथ भगवान शिव का तिलक चढ़ाया गया। वहीं शनिवार को पिपरा बगाही से सज धज कर शिव बारात महाराजगंज ठाकुरबाड़ी आएगी। जहां शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाएगा। मालूम हो कि वर्षों से महाशिवरात्रि के अवसर पर महाराजगंज ठाकुरबाड़ी में शिव पार्वती महोत्सव मनाया जाता रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक स्टूडेंट क्लब महाराजगंज के राज विश्वकर्मा, रुपेश जायसवाल, राहुल विश्वकर्मा, मोनू सिंह, सौरव विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

# दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

गौतम पटेल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना के खडीहा गांव से बुधवार को बारात बिहार के पढ़ी गांव जा रही थी। देर शाम बारात के साथ गांव के युवक राजेश सिंह चंद्रवंशी और हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी एक ही बाइक पर निकले थे। करीब दस किलो मीटर के बाद बिहार के बारा गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर पर अज्ञात वाहन के धक्के से दोनो बाइक सवार राजेश 45 वर्ष और हरेंद्र 27 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

**घंटो घटना स्थल पर पड़ा रहा शव :** ग्रामीणों ने बताया कि बारात निकलने के बाद चार पहिया सभी वाहन आगे निकल गया। पीछे से दोनो बाइक सवार जा रहे थे। घटना के बाद किसी को खबर नहीं लगी। तब खोज बीन शुरू की गई। देर रात बाइक सवारों को घटना स्थल पर मृत पाया गया। गांव में सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। खुशी मातम में बदल गई।

## राजद के कार्यकर्ता परिजनों से मिले



हुसैनाबाद पलामू खडीहा गांव के दो राजद कार्यकर्ताओं की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर पाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। उनके निर्देश पर प्रदेश राजद नेता रवि कुमार सिंह यादव व विनय कुमार सिंह यादव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भी भरोसा दिया है।

# हरिहरगंज में जनता प्रशासन होली मिलन समारोह 4 को

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज के अररुआ खुर्द मेन रोड़ स्थित मध्य विद्यालय के मैदान पर अगामी 4 मार्च को जनता प्रशासन होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने बताया कि होली मिलन समारोह में छपरा जिला के ब्यास रामशंकर सिंह एवं धनबाद के शिवशंकर यादव के बीच दुगोला मुकाबला व रंगारंग कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजे से शाम छ बजे तक कार्यक्रम होना तय है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, राकांपा के वरिष्ठ नेता अजय कुमार सिंह, अनिल शौंडिक, राजकुमार पासवान, छोटू कुमार, काजू, पप्पू चौधरी, भोला पासवान, रामेश्वर चौधरी, रामचंद्र, कामेश्वर समेत कई लोग शामिल थे।

# स्वास्थ्य अनुबंध कर्मियों की हड़ताल से टीकाकरण प्रभावित

## अपनी मांगों के समर्थन में एक माह से धरना पर हैं अनुबंधकर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना पर बैठे स्वास्थ्य अनुबंध कर्मी।

हुसैनाबाद,पलामू। झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के आह्वान पर हड़ताल से सीधा असर निचले स्तर स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ती हुई नजर आ रही हैं आंगनबाड़ी केंद्रों पर जच्चा व बच्चा सुरक्षित के तहत होने वाले सभी तरह के टिका बंद हैं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद अंतर्गत स्वास्थ्य अनुबंध कर्मी बीपीएम, एएनएम, लैब टेक्नीशियन गत 16 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के समक्ष धरना दिया। धरना स्थल पर एएनएम राजमुनी देवी ने कहा कि सरकार उनकी मांगें के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार को उनकी मांगों को पूरी करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा ठप्प हो गई है। प्रसव कार्य और टीकाकरण पूरी तरह प्रभावित है। मगर सरकार को आम लोगों की भी चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में वैकल्पिक व्यवस्था कर सेवा दी जा रही है। वह इसे भी ठप्प कर देंगे। धरना में लैब टेक्नीशियन शकील अहमद, एएनएम राजमुनि देवी, प्रियंका कुमारी, सीमा कुमारी, कंचन कुमारी, कुमारी रंजना, फातमा खातून, सीमा कुमारी, सिमा सिंह, बन्दना कुमारी, सुरेखा कुमारी, प्रभावती कुमारी के अलावा कई लोग शामिल थे।

# राहेवीर पहाड़ी मंदिर की बढ़ायी गयी सुरक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता





**पांकी(पलामू)।** महाशिवरात्रि पूजा को लेकर राहेवीर पहाड़ी मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था।15 फरवरी की घटना को लेकर मंदिर परिसर में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। गौरतलब हो कि इसी राहेवीर पहाड़ी मंदिर मे जाने वाले रास्ते मे मंदिर स्थल से लगभग चार सौ मीटर की दूरी पर भगत सिंह चौक (मस्जिद) चौक मे तोरणद्वार लगाया जा रहा था। इसी के विरोध को लेकर ही हिंसा भड़की थी। मामले को कंट्रोल करने को लेकर पांकी मे डीसी, तीन एसपी, आईआरबी, रैफ व जिला पुलिस की लगभग 1200 से अधिक पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

**चार लोग ही पढ़े नमाज और चार लोग ही करेंगे महाशिवरात्रि पूजा**

गुरूवार की शाम पांकी थाने मे दोनों पक्षों के साथ हुई अलग-अलग बैठक में निर्णय लिया गया की चार लोग ही मस्जिद में नमाज अदा करेंगे और चार लोग ही महाशिवरात्रि को शिव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसमे मंदिर समिति के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष व पुजारी रहेंगे।

**स्थिति नियंत्रण में :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरणद्वार मामले भड़की हिंसा में अब पांकी की स्थिति सामान्य होने लगी है। लेकिन अब भी जिला प्रशासन फूंक फूंक कर कदम रख रहा है। एहतियात के तौर पर अभी भी पूरे पांकी में धारा 144 लागू है।





पलामू में नेटवर्क बंद रहने के कारण जपला में देवरी सोन नदी किनारे बिहार के रोहतास जिले से नेटवर्किंग का काम चलाते दर्जनों युवा। (फोटो गौतम पटेल की)।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शिवलिंग के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित नव निर्मित शिव मंदिर मे शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व शुक्रवार को शिवलिंग शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बाजे गाजे साथ हजारों भक्त गणों ने जय महाकाल,बबम भोले व अन्य भक्ति धुनों पर झूमते हुए शिवलिंग को गाड़ी पर सजा कर यज्ञ स्थल सिद्धनाथ नगर से आरम्भ किया गया जो शहर के मुख्य बाजार व विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः यज्ञ स्थल ले जाया गया। मौके पर यज्ञ के संरक्षक सह भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह व जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। पूरा शहर का भक्तिमय वातावरण था। मौके पर राजीव कुमार सिंह, उर्फ छोटू सिंह, प्रभात कुमार सिंह, सोनू सिंह, पंकज सिंह, समेत कई लोग विधि व्यवस्था में लगे हुए थे।

# संत शिरोमणि रविदासजी की जयंती पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

जीवन कुमार



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सेहरा गांव में गुरुवार की रात्रि में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मुखिया कलावती देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रमुख प्रतिनिधि युगल किशोर राम श्यामबिहारी प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी समाज में फैली कुर्तियों को दूर करने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। संत रविदास जी एक कवि तथा दार्शनिक के साथ साथ समाज सुधारक थे। संत रविदास कोई जाति विशेष के संत नहीं थे बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए कार्य किया था। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही समाज में फैले कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। वही मुखिया कलावती देवी ने कहा कि किसी भी समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के बिना किसी भी समाज में बदलाव नहीं किया जा सकता है। समाज के लोगों से अपील है कि अपने बच्चों को अवश्य शिक्षा दें तभी समाज में बदलाव लाया जा सकता है। वही उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि संत रविदास जी की एक युक्ति है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। कहने का तात्पर्य है कि किसी भी कार्य को करने के लिए समर्पण की भावना जरूरी है अन्यथा कोई भी कार्य सफल नहीं होगा। इस दौरान ब्यास बच्चन राम और प्रेम गिरि के द्वारा एक से बढ़कर एक गाना प्रस्तुत किया। मौके पर चतुर्गुण राम, संजय यादव, अमरेश यादव, लालबिहारी साव, राजदेव राम, उमेश राम, सुदेश्वर राम, बसंत राम, दयाशंकर राम, मो अफजल, सुरेन्द्र शुक्ला, मंदीप तिवारी,मो कलाम,अभय सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

# नामुदाग प्लस टू के छात्रों ने नेशनल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** आर के एस एस बी एस प्लस टू हाई स्कूल नामुदाग में पढ़ाई कर रहे 9वी से 12वीं क्लास के 80 विद्यार्थियों ने शुक्रवार को प्रखंड के कौआखोह ग्राम स्थित नेशनल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया । प्रशिक्षण संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन तथा कंप्यूटर शिक्षक रम्मी सिंह ने छात्रों को विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण संबंधीत जानकारी दी। साथ ही छात्रों को कंप्यूटर से संबंधित जिज्ञासा को पूरा किया। सभी छात्र- छात्राओं ने लगभग तीन घंटे तक संस्थान में रहकर विभिन्न यंत्रों की जानकारी प्राप्त किया। छात्रों के साथ स्कूल शिक्षक अनवर अंसारी तथा विकास कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर संस्थान के अनुदेशक कुंदन सिंह, प्रशांत कुमार, अरविंद कुमार, आशुतोष सिंह, राहुल ठाकुर, कंप्यूटर शिक्षक राहुल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### 21 से तीन दिनों तक रोहड़ाबांध में पानी रहेगा बाधित

**सिन्दरी।** रोहड़ाबाँध वाटर टावर में हर्ल सिन्दरी प्रबंधन द्वारा तीन दिन मेंटेनेंस व पेंटिंग का काम करने के लिए रोहड़ाबाँध क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए एफसीआई प्रबंधन ने जारी सर्कुलर में इसका जिक्र किया है। एफसीआई सिन्दरी यूनिट प्रभारी यू सी गौड़ ने शुक्रवार को जारी सर्कुलर में बताया है कि 20 फरवरी को रोहड़ाबाँध क्षेत्र में पानी सप्लाई के बाद इसे पुनः 24 फरवरी से जारी किया जाएगा। 21 से 23 फरवरी तक रोहड़ाबाँध वाटर टावर का मेंटेनेंस व पेंटिंग का काम हर्ल सिन्दरी प्रबंधन करेगी। सिन्दरी टाउनशिप के अन्य क्षेत्रों में पूर्ववत की तरह पानी सप्लाई जारी रहेगी।

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**सिन्दरी।** धनबाद बरमसिया शनि मंदिर के समीप गुरुवार की देर रात ट्रक दुर्घटना में बाइक सवार सिन्दरी लोहार बस्ती निवासी रविन्द्र सिंह के छोटे अविवाहित पुत्र अतुल सिंह (23) की मौत होने की खबर से उसके आवास पर मातम छा गया। क्षतविक्षत शव के शुक्रवार को आवास पहुँचने पर उसके परिजनों के चित्कार से पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया। शव का अंतिम संस्कार दामोदर नदी के तट स्थित श्मशानघाट पर किया गया।

### सेंट्रो कार एवं ट्रैक्टर में टक्कर, बाल-बाल बचे सवार

**सिंदरी।** बलियापुर थाना क्षेत्र के रांगामाटी स्थित मिश्रा जी नर्सरी के समीप सिंदरी बलियापुर सड़क पर ट्रैक्टर और सैंटरो कार संख्या जेएच10 एम 2804की भिड़ंत हो गई। कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर बलियापुर पुलिस घटनास्थल पहुंची। जानकारी के मुताबिक बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर अनिल कुमार अपने परिवार के किसी सदस्य को उपचार कराने धनबाद जा रहे थे। कार खुद चला रहे थे। सामने से ईट लिए ट्रैक्टर आ रहा था, तभी यह दुर्घटना हुआ। वहीं ट्रैक्टर बलियापुर बाघमारा निवासी गुरुपदो महतो की बताई जा रही है।

### चिरकुंडा थाना ने निकाला फ्लैग मार्च

**चिरकुंडा।** महाशिवरात्री में क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे इस निमित्त चिरकुंडा पुलिस द्वारा चिरकुंडा थाना क्षेत्र व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुरूवार की संध्या फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व चिरकुंडा इंस्पेक्टर सुनिल कुमार सिंह व चिरकुंडा सर्किल इंस्पेक्टर योगेन्द्र पासवान कर रहे थे। सिह ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार यह मार्च निकाला गया है आगामी पर्व महाशिवरात्रि को लेकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। उन्होने कहा कि यह फ्लैग मार्च चिरकुंडा सहित कुमारधुबी,पंचेत आदि स्थानो में भी की जाएगी।

### खाद्यान्न व्यापारी संघ ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला

**कतरास।** झारखंड सरकार द्वारा गल्ले की सामग्री पर 2 प्रतिशत का कृषि बाजार टैक्स लगाए जाने के विरोध में शुक्रवार को तीसरे दिन खाद्यान्न व्यापारी संघ ने कृषि मंत्री का पुतला फूंका। कतरास के सभी होलसेल व रिटेल खाद्यान्न दुकान बंद रही। व्यापारियों ने बताया कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेगी इसी तरह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# सीआइएसएफ का छापा : घनुडीह में 50 टन अवैध कोयला जब्त

कई क्षेत्रों में जारी है अवैध कोयले का व्यापार

## कोयले की काली कमाई से पूरा होता है कुछ नेताओं का शौक

खबर मन्त्र संवाददाता

**तीसरा/ झरिया।** झरिया कोयलांचल में कोयला तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आधा दर्जन छुट भैया नेताओं का शौक कोयला का काली कमाई से पुरा होता है। इस का खुलासा घनुडीह ओपी क्षेत्र के सीके साईडिंग के समीप छापामारी कर सीआईएस एफ परियोजना से टपाया गया करीब 50 टन अवैध कोयला जब्त कर किया । छापामारी से घनुडीह ओपी पुलिस को अलग रखा गया था। जानकारी के अनुसार जी भूंइया द्वारा विगत दिनों से सेटिंग कर परियोजना से वाहन द्वारा कोयला गिराया गया था। जिसे बडे वाहनों से लोडकर अन्यत्र भेजने की तैयारी में तस्कर जुटे थे। तभी किसी ने इसकी जानकारी सीआईएस एफ आला अधिकारियों को दे दी। जिसपर छापामारी कर कोयला जब्त किया गया ।छापामारी के बाद सीआईएस एफ टीम घनुडीह ओपी पुलिस कारण मामले की जानकारी दी। सीआईएसएफ ने संयुक्त रूप से शुक्रवार की अहले सुबह को घनुडीह सी के साइडिंग मे कोयले को जमा कर अनंत्र जगह पर खपाया जाने की मंसूबे पर पानी फेर दिया है । छापेमारी कर लगभग 50 टन से अधिक अवैध कोयले को जप्त कर लिया है। छापेमारी में जप्त कोयले को बीसीसीएल को सुपुर्द कर दिया गया।



## बाइक से हो रही अवैध कोयले की ढुलाई

जानकारी के अनुसार धनबाद के पूर्व सांसद प्रतिनिधि इन दिनों कोयला का गोरखा धंधा का लाइजनर बना हुआ है। जो अपने पहुंच के बल पर गोरखा धंधा संचालन को अंजाम देने में भूमिका निभाते है। सूत्रों का माने तो इनके घर सुबह से कल का सिपाही कहने जाने वाले आला अधिकारियों का जमघट लगने लगता है ।बता दे कि झरिया के सुरंगा , कुजामा, लालटेनगंज, पारबाद से अवैध कोयला का कारोबार जोर शोर से चल रहा है । इन जगहों पर दिन भर अवैध कोयला का ढुलाई साइकिल और मोटर साइकिल से किया जाता है। उसके बाद रात के अंधेरे में उसे बड़े वाहन ट्रक और हाईवा से भट्ठा में खपाया जाया है । गौरतलब है की एसएसपी संजीव कुमार के आदेश पर लगातार छापेमारी कर कोयला तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। इसके बावजूद भी अवैध कोयला का काला खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। वही इस छापेमारी से कोयला अन्य तस्करों में हड़कंप मचा हुआ। सूत्रों की माने तो निश्चित रूप से स्थानीय दबंग कोयला तस्कर द्वारा एक दिन पूर्व अवैध कोयला को सी के साइडिंग में डंप किया गया था । हालांकि इस पूरे मामले पर सीआईएसएफ ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

## बोकारो : रोजगार सृजन मेला में 18 कंपनियों ने लगाये 20 स्टॉल



**बोकारो।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटीए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्थानीय सेक्टर पांच पुस्तकालय मैदान में आयोजित रोजगार सृजन मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि डीडीसी कीर्ती श्री जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, डीपीआरओ राहुल कुमार भारतीए जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता करकेटा सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे। मेले में राज्य एवं राज्य के बाहर की 18 कंपनियों के कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं। अपनी.अपनी रिक्तियां एवं योग्यता के अनुसार जिले के युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराएंगी। मेले में जिले के सभी नौ प्रखंडों से युवक-युवतियां शामिल हुए।

## मंदिर की छत ढलाई में शामिल हुए दीपनारायण

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** शुक्रवार को मतारी शिव मंदिर का छत ढलाई हुआ। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। शिव मंदिर छत ढलाई के क्रम में दीप नारायण सिंह ने श्रम दान किया। बताते चलें कि गांव के युवाओं ने शिव मंदिर का निर्माण तालाब के बीचों बीच करने का निर्णय लिया । इसी कड़ी में आज शिव मंदिर का छत ढलाई हो रहा है। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने महाशिवरात्रि की शुभकामना देते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में शामिल होने से मन को शांति मिलती है। और मन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाजिक कार्य करने की इच्छा शक्ति प्राप्त होती है। खुशी की बात है कि गांव के युवा उत्साह के साथ मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। गांव के लोगों को भी इस प्रकार की आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मौके पर जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, टुकेश्वर मंडल, सरजू मंडल, प्रफुल्ल मंडल, रामशोभा मंडल, मानिक चंद्र मंडल, शत्रुघ्न मंडल, सत्य प्रकाश मंडल, दिनेश मंडल, तारामंडल, प्रकाश ठाकुर, पटल ठाकुर, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, एवं पंचायत के सभी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित हुए।

## कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग

### नाई समाज ने डीसी के माध्यम से पीएम को भेजा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा झारखंड प्रदेश ने प्रधानमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। तथा टाउन हॉल से रणधीर वर्मा चौक होते हुए समाहरणालय तक निकाली रैली। राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के ही नहीं बल्कि देश-दुनिया के बड़े ही लोकप्रिय नेता रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, आदर्श शिक्षक, लोकप्रिय राजनीतिक थे जिन्होंने बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया। भारत छोड़ो आंदोलन के समय 26 महीनों तक उन्हें जेल में रहना पड़ा था। आमजन के बीच इतना लोकप्रिय थे कि उन्हें जननायक की उपाधि दी गई।मुख्यमंत्री काल में इनका कार्य अति सराहनीय रहा। इनके ऐसे कई कार्य हैं जिन्हें देश की जनता भूल नहीं सकी है । ऐसे महान व्यक्ति को जिन्होंने देश के गरीबों की आवाज के रूप में कार्य किया। मुख्यमंत्री काल में उन्होंने वंचित वर्ग को आरक्षण देकर मिसाल कायम की थी। कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे।

## रोजगार के लिए 90 दिनों से धरना पर बैठे हैं युवा

**धनबाद।** आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर 90 दिनों से चल रही लगातार धरना। बीसीसीएल से प्रशिक्षित आई टी आई अप्रेंटिस युवा लगातार 90 दिनों से सैकड़ों लोगों की संख्या में बीसीसीएल मुख्यालय धनबाद में धरना दे रहे है। बुधवार सुबह 7:00 बजे के करीब बीसीसीएल के महाप्रबंधक सीटीपी एसएम पांडे और सीआईएसएफ जवान और जिला पुलिस स्थल पर आकर धरना को क्षतिग्रस्त किया और धरना के लिए बने पंडाल को उखाड़ फेंकने का काम किया। प्रबंधन का कहना है आप सभी के पास धरना देने का कोई आदेश नहीं है प्रबंधन का कहना है कि आप सभी को धरना समाप्त कर देना चाहिए। धरना का नेतृत्व अप्रेंटिस संघ धनबाद के महामंत्री सूरज कुमार रियाजुद्दीन अंसारी औरंगजेब अली मकसूद जितेंद्र निखिल अखिलेश संजय अनुपम बबलू कर रहे हैं।

## शिव मंदिर में हरिनाम संकीर्तन शुरू

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शिवरात्री के उपलक्ष्य में चिरकुंडा थाना परिसर के शिव मंदिर में शुक्रवार को 24 घंटे का हरिनाम संकिर्तन का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी बिनोद पाण्डेय ने बताया कि शिवरात्री को लेकर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है।शनिवार को मंदिर में शिव जी का रूद्राभिषेक किया जाएगा। उन्होने कहा कि शनिवार की संध्या शिवरात्री के अवसर पर प्रसाद के रूप में भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

## जरीडीह बाजार में शिव जयंती उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जरीडीह बाजार।** जरीडीह ऊपर बाजार में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था की और से शिव जयंती उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।शिव संदेश के रूप में संस्था द्वारा शिव और शंकर के महान अंतर को बतलाया गया। शिवलिंगए त्रिमूर्ति और त्रिदेव की रचना और सर्व आत्माओं के परम पिता परमात्मा के प्रति हमारा कर्तव्य बतलाया और शिवरात्रि का रहस्य पाठ सबको पढ़ाया। संस्था के छोटेलाल साव ने ब्रह्मा कुमारी की मुरली पाठ में शिव संदेश देते हुए कहा कि हमारे परमपिता परमात्मा आ चुके हैं। वर्तमान समय चारों ओर अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य, हिंसा और अश्लीलता का बोलबाला है। अधर्म अपनी चरम सीमा पर है और पाप का घडा भर चुका है।

## जारंगडीह में राकोमसं ने लिया चक्का जाम का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** शुक्रवार को जारंगडीह स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष जोगिंदर सोनार ने किया। इस बैठक की मुख्य अतिथि के रूप में वरुण कुमार सिंह बोकारो जिला उपाध्यक्ष तथा कथारा क्षेत्रीय सचिव कथारा मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने मौके पर कहा हमारी मांगे जब तक पूरी नहीं होगी तब तक हम आंदोलन करते रहेंगे। सीसीएल प्रबंधक कोलियरी को पूरी तरह आउटसोर्सिंग के हाथों में सौंप दी है। कहा कि इसे हम बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि बैठक में निर्णय हुआ है कि रविवार 19 फरवरी को एक दिवसीय धरना वा चक्का जाम जारंगडीह में करेंगे। अगर इससे भी प्रबंधक नहीं चाहती तो यह आंदोलन बहुत बड़ा रूप लेगी। हम किसी भी हाल में नहीं झुकेंगे ना मजदूरों पर अत्याचार बर्दाश्त करेंगे। हमारी सभी मांगे पूरी करनी होगी। कहा कि प्रबंधक द्वारा मजदूरों का संडे बंद कर दिया गया है और आउटसोर्सिंग चालू है यह प्रबंधक का दोहरा चरित्र हम नहीं चलने देंगे। मजदूरों से आग्रह है कि रविवार को एक दिवसीय कोलियरी का चक्का जाम सफल बनाएं यह आपकी हक की लड़ाई है।

# सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में दीक्षा समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के प्रांगण में कक्षा द्वादश के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के 102 भैया -बहनों को विदाई दी गई । कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य सुनील कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके ही गई। इस मौके पर कक्षा द्वादश के भैया-बहनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी आचार्य एवं दीदी जी को धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से ही हमलोग इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि आज हम सबों के लिए कक्षा एकादश के भैया-बहनों ने दीक्षा समारोह का आयोजन किया है। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हमारे देश भारतवर्ष के विकास का भार आप जैसे नव युवकों के कंधों पर है। इसके लिए आप ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करें एवं सफल नागरिक बनकर देश की सेवा करें । उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा जी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की । कक्षा द्वादश के कक्षाचार्य अरविंद कुमार, राजेश कुमार एवं नवल किशोर झा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर विद्यालय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के साथ -साथ सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे। भैया-बहनों को कलम एवं फाइल देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।



## एक नजर में

### डीएवी सिंदरी में आशीर्वाद समारोह



**सिन्दरी ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसके बाद बच्चों को अपने अनुभव के अनुसार कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए हवन कराया गया। स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि किसी भी स्कूल की सबसे मूल्यवान संपत्ति उसके छात्र होते है। उनके बिना आध्यापक और विद्यालय कुछ भी नहीं है। जीवन में किसी भी चुनौति से घबराने की जरुरत नहीं है। आत्मविश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम करके उसका सामना करना और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते जाना। भले ही आप जीवन मे आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर, डॉक्टर बनें लेकिन साथ-साथ एक अच्छे इंसान जरूर बनें। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्रों को आशीर्वचन दिए।

### एसडीओ ने किया हथकरघा मेले का उद्घाटन



**बोकारो।** भारत सरकार वस्त्र मंत्रालयएबुनकर सेवा केंद्र राँची द्वारा बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार स्थित मजदूर मैदान में आयोजित जिला स्तरीय हथकरघा मेले का उद्घाटन डीडीसी कीर्तीश्री जीए एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने संयुक्त रूप से किया।द्वय पदाधिकारियों ने क्रमवार मेले के सभी स्टाल का निरीक्षण किया और हथकरघा उत्पादों को देख प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर बुनकर सेवा केंद्र रांची के प्रभारी पदाधिकारी मनोज कुमार ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशकए बुनकर सेवा केन्द्रए रांची सुरेश खंडारे ने किया। मौके पर पुरण मल सैनीए समीरन दत्ताएजिला समाज कल्याण पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरजएपंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

### गोविंदपुर में बीसीसीएल आपके द्वार कार्यक्रम

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 अतिथि गृह में शुक्रवार को बीसीसीएल आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 45 मामले आए जिसमें अधिकारियों द्वारा ज्यादातर मामले का निष्पादन किया गया। आपके द्वार कार्यक्रम में प्रबंधक श्वेता सुभाषिनी, उप प्रबंधक सत्य प्रिया राय, वरीय सलाहकार पी वी के आर मल्लिका अर्जुन राव, महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा,क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो, प्रशासनिक पदाधिकारी अनिल कुमार के अलावा क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य रणधीर ठाकुर, अशोक सिंह, विजय कुमार शर्मा, शेख रहीम, विशाल सिंह,एनके सिंह, विनोद सिंह,रामाशीष यादव, गौरचंद बाउरी, सुशील कुमार, महेंद्र नाथ राम आदि उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन पुल का नाम होगा श्री रामेश्वर सेतु



**तालगड़िया/बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत चंदनकियारी प्रखंड के नयावन स्थित स्वामी उत्तमानंद परमहंस देव जी के आश्रम में 50वां वार्षिक साधु गुरु वैष्णव संप्रदायों का समागम हुआ। मौके पर बाउल गान का आयोजन भी किया गया। तीन दिवसीय इस अनुष्ठान में साधु गुरु वैष्णवों ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान वे भजन कीर्तन करते हुए दामोदर नदी तट पर पहुंचे और नयावन और धनबाद जिला के कारीटांड़ के बीच नव निमार्णाधीन पुल का नामकरण श्री रामेश्वर सेतु किया गया। मौके पर जिप सदस्य अम्बिका देवीए समाजसेवी रामपद दासए मुखिया प्रतिनिधि गोवर्धन शेखरए पंचायत समिति सदस्य बिनोद बिहारी महतोए विजय दसौंधीए हरि दसौंधीए गुलेन सिंहए कार्तिक महतो समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।


## कार्यालय –जिला स्वास्थ्य समिति, खूँटी।

Tender 01/2023

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

दिनांक 17/02/2023

जिला स्वास्थ्य समिति, खूँटी के अन्तर्गत आने वाले स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में उत्क्रमित किया जाना है। जिसमें ब्रांडिंग तथा अन्य कार्य किया जाना है। जिस हेतु इच्छुक फर्म / एजेंसी / कम्पनी अपना निविदा दिनांक 25/02/2023 के अपराह्न 4 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा से संबंधित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 25.02.2023 के अपराह्न 4:00 pm (by Registared post , Speed Post,Hand to Hand) |
| 2 | निविदा खुलने का समय | 27.02.2023 11:30AM |
| 3 | Bid Securityजो District Health Society Khunti के नाम से देय होगा।D.D/NSC/Bank Guarantee मान्य होगा। | 50000.00 (Fifty Thousand) Only |
| 4 | निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो District Health Society Khunti के नाम से देय होगा। (नन रिफन्डेबल) | 5000.00 (Five Thousand) Only |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,सदर अस्पताल, खूँटी |
| 6 | निविदा शुल्क का DD (Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 20.02.2023 से 24.02.2023 (11 am to 4 pm) |
| 7 | Tender document Sale date & Place | 20.02.2023 to 24.02.2023 (11 am to 4 pm) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ,सदर अस्पताल, खूँटी |
| 8 | निविदादाता द्वारा जमा किया जाने वाला प्रपत्र | a. गत तीन वर्ष का आयकर विवरणी<br>b. गत तीन वर्ष का औसत वार्षिक टर्न ओवर 75,00,000/- रू0<br>c. HWC में उत्क्रमित करने हेतु अनुभव प्रमाण पत्र तथा कार्य का फाटोग्राफ |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 290658 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

### अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 56/2022–23

दिनांक 16/02/2023

मद का नाम :– PM-ABHIM

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ईचाक | बरियठ में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 2 | पदमा | तिलैर करमा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 3 | सदर | सिन्दूर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 4 | बरही | गरबा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 5 | बरही | सरैया में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 6 | बड़कागांव | गोसाई बलिया में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 7 | बड़कागांव | मिर्जापुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 8 | बरकट्ठा | चौबे में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 9 | बरकट्ठा | गैंडा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 10 | बरकट्ठा | जमसोती में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 11 | विष्णुगढ़ | गोविंदपुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 12 | चौपारण | सेलहारा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 13 | चुरचू | कजरी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 14 | चुरचू | रबोध में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 15 | केरेडारी | गर्री में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 16 | केरेडारी | बेलतु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 17 | चौपारण | वेदना में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 18 | सदर | सिलवार में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |
| 19 | बरही | गुड़ियो में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 5550000.00 | 10000.00 | 111000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 27.02.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 28.02.23 से 10.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 11.03.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.03.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. उपरांकित योजनाओं का भूमि प्रतिवेदन एवं आवंटन प्राप्त होने के पश्चात् ही एकरारनामा किया जायेगा।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 290630 (District) 22-23 (D)

## स्पीड न्यूज

### टीएम मिलर वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**चंदवा।** चंदवा–माल्हन–मैक्लुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमटोली के पास शुक्रवार की दोपहर टीएम मिलर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हालांकि दुर्घटना में चालक व वाहन में बैठी एक महिला बाल–बाल बच गई, उन्हें सिर्फ हल्की चोटें ही आयी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मिलर माल्हन स्थित केईसी कम्पनी के बेचिंग प्लांट से सीमेंट, स्टोन चिप्स व रेत का तैयार समान लेकर चंदवा की ओर आ रहा था, इसी क्रम में वाहन का पिन टूट गया जिस कारण चालक वाहन से संतुलत खो बैठा व उक्त हादसा हुआ।

### बीडीओ को दिया आवेदन

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पांडेपुर पंचायत निवासी आशीष प्रसाद, सूर्यकिशोर प्रसाद, अयोध्या प्रसाद ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उराँव को अवैध तरीके से नाली निर्माण को रुकवाने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है मेरे रैयत जीमीन खाता स. 163 प्लोट स० 895, 896 पर अवैध रूप हो नाली निर्माण ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से जमीन अधिग्रहण कर नाली का निर्माण करा रहे हैं। जब इसे अपने जमीन पर नाली निर्माण करने से रोका तो मारपीट तथा थाना पुलिस की धमकी देते है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि पान्डेयपुरा गाँव में 15 वें वित की राशि से नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिस जगह नाली का निर्माण की जरूरत है उस स्थान में नाली का निर्माण नहीं कर दूसरे स्थान यानी मेरा रैयत जमीन पर किया जा रहा है। मुखीया, उपमुखिया एवं ठेकेदारों सिर्फ पैसे की बंदरबांट करने के लिए नाली का निर्माण करा रहें हैं। जिस स्थान पर नाली का निर्माण किया जा रहा है उस जगह पानी निकासी का कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि अभी तक हुए नाली निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गई है घटिया क्वालिटी के समान भी लगाया जा रहा है।

### समस्या को लेकर बीडीओ को ज्ञापन


बीडीओ को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत संघमित्रा कोल परियोजना द्वारा अधिगग्रिहि क्षेत्र बानालात, चेडरा सहित अन्य सीसीएल प्रभावित गांवों मे जनहित समस्या को लेकर ग्यारह सूत्री मांग को लेकर साप्ताहिक जनता दरबार मे बीडीओ प्रतिमा कुमारी को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे ग्राम सोरवाटांड मे सामुदायिक विकास भवन निर्माण, सतबहिनी नदी (ढोडा )से मुख्य सड़क तक पीसीसी निर्माण व पुलिया का निर्माण, मुख्य सड़क मनातू से बंधु भुइयाँ के घर तक मिट्टी मोरम रोड, ग्राम चेड़रा मे डीप बोरिंग एंव चेकडेम, बनालात के सोहरवाटांड मे तालाब निर्माण, बानालात मे स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था व्यवस्था कराने सहित ग्यारह सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपने पहुंचे उपेन्द्र कुमार पाठक उर्फ छोटू पाठक उमेश प्रसाद ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी के पास समस्या से अवगत कराते हुए उक्त मांग किए वहीं बीडीओ ने कही की इसपर गहन विचार किया जायेगा।

### प्रखंड कार्यालय में लगा साप्ताहिक जनता दरबार


जनता दरबार में मौजूद ग्रामीण।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को लगा सप्ताहिक जनता दरबार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम ने दर्जनों ग्रामीणों की सुनी फरियाद वहीं ग्रामीणों ने बताया कि सरयू प्रखंड कार्यालय का दर्जा मिलने से आम जनो का परेशानी दूर हो रही है, ग्रामीणों का कहना है कि एक समय ऐसा था कि 20 से 30 किलोमीटर का दूरी तय करके अपनी समस्या का समाधान को लेकर गारू, यह बरवाडीह प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता था जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रही थी। वहीं सरयू का प्रखंड का दर्जा मिलने से प्रखंड कार्यालय में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों में खुशियों का हर्ष देखा जा रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम ने ग्रामीणों से रूबरू हो कर लोगो की समस्या से अवगत हो रहें हैं।

### व्यवसायियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी



**चंदवा।** झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में कृषि पशुधन विपणन शुल्क 2 प्रतिशत लागू करने को लेकर पारित विधेयक का विरोध लगातार जारी है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर शुक्रवार को तीसरे दिन भी चंदवा में लातेहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में गल्ला व्यवसायियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शुक्रवार की सुबह अपनी दुकान और प्रतिष्ठान को बंद कर व्यवसायियों ने रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। इन दौरान जो दुकान खुले थे उन्हें भी प्रदर्शनकारियों के द्वारा बंद कराया गया। प्रदर्शन कर रहे व्यवसायियों ने विधेयक को किसान विरोधी, व्यापार विरोधी व उपभोक्ता विरोधी करार देते हुए काला कानून बताया साथ ही राज्य सरकार से कृषि विपणन विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग भी की। व्यवसायियों ने कहा कि जब तक सरकारी विधेयक को वापस नहीं ले लेती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# प्रमुख व बीडीओ के बीच कुर्सी की लड़ाई, मामला पहुंचा थाना

## कुव्यवस्था से क्षुब्ध होकर प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ कक्ष में जमाया कब्जा, हुई तीखी नोकझोंक, प्रमुख को निकाला बाहर

### बीडीओ और प्रखंड प्रमुख ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में दिया आवेदन, लगाया आरोप-प्रत्यारोप

- प्रमुख के लिए आवंटित कक्ष में कुव्यवस्था को लेकर प्रशासन व जनप्रतिनिधि हुए आमने-सामने

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बीडीओ के चैंबर में बैठे प्रखंड प्रमुख।


मौके पर दोनों पदाधिकारी।


प्रमुख को बीडीओ कक्ष से बाहर निकालते प्रखंड प्रशासन के अधिकारी।

**लातेहार।** सरकार व जनता ने क्षेत्र के विकास की रूप रेखा तैयार करने के लिये चिन्हे चुन कर भेजा है। अगर उन्हीं के बीच समन्वय न हों तो विकास का सपना कोरा हीं साबित होगा। उक्त बाते हम युं हीं नहीं कह रहे है बल्कि शुक्रवार को नव निर्मित प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मेघनाथ उरांव व प्रमुख परशुराम लोहरा के बीच घटित घटना इसी की ओर इशारा कर रही है। शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जहां प्रमुख व सीओ-बीडीओ के बीच तीखी नोकझोंक हो गयी। नोक झोंक के पीछे का कारण यह था कि नव निर्मित प्रखंड कार्यालय में प्रमुख को लेकर आवंटित कक्ष में कुव्यवस्थाओं का आलम था जिसे देखकर प्रमुख विफर गये व बीडीओ कक्ष में ही जाकर कब्जा जमा लिया। पहले तो अधिकारी पदाधिकारी उन्हे मनाने का खुब प्रयास किया लेकिन प्रमुख नहीं माने तो प्रखंड प्रशासन के द्वारा बल प्रयोग कर उन्हे बाहर निकाल दिया गया। घटना को लेकर प्रमुख परशुराम लोहरा का कहना था कि बीते 14 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन किया गया, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी आवंटित कक्ष में कुव्यवस्था का आलम है। कक्ष में न हीं कुर्सी-टेबल है और न हीं कोई जरूरी सुविधा तो हम कहां बैठकर जनता की समस्या को सुने, इसलिऐ हमने बीडीओ कक्ष में बैठे थे। नवनिर्मित प्रखंड कार्यालय खुलने के पश्चात प्रखंड प्रमुख ने देखा कि मेरे लिए बैठने का कोई भी व्यवस्था नहीं किया गया है।

### प्रमुख ने बीडीओ व सीओ पर लगाया गाली-गलौज करने का आरोप

प्रखंड प्रमुख ने अपने आवेदन में लिखा की मैं जब अपने आवंटित कार्यालय प्रखंड कार्यालय पहुँचा। उस वक्त मेरे कार्यालय में कोई भी बैठने का उचित व्यवस्था नहीं था न तो कुर्सी और न ही टेबल था। इस दौरान हमारे क्षेत्र के काफी जनता एवं शिकायतकर्ता तथा पंचायत समिति सदस्य मिलने पहुँच रहे थे। इस दौरान सहुलियतपूर्वक मैं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नये कार्यालय प्रकोष्ट में आगन्तुकों के शिकायत सुनने के लिए बैठ गया। इस दौरान अंचल अधिकारी, लातेहार रूद्र प्रताप और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार मेघनाथ उरांव पहुँचे एवं गाली-गलौज व हाथापाई करते हुए चेंबर से बाहर धक्का देते हुए निकाल दिया। मेरे साथ दोनों पदाधिकारीगण काफी बदतमीजी के साथ मुझे बेईज्जत करने का प्रयत्न किया जिससे मेरे मान सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुँची है यह लिखित के साथ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया। बताते चलें कि इस मामले को लेकर दिनभर प्रखंड कार्यालय में गहमा-गहमी का माहौल रहा एवं लोगों में यह चर्चा का विषय दिन भर बना रहा।

### लातेहार थाने में दिये प्राथमिकी दर्ज करने के आवेदन

इस नोकझोंक के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख के द्वारा लातेहार थाना को प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में आवेदन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने आवेदन में कहा कि अपने कार्यालय प्रकोष्ट पहुँचा तो देखा कि लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा मेरे अधिसूचित कुर्सी पर बैठे हुए हैं मुझे देखते ही मुझ पर भड़कने लगे कि मेरा कार्यालय कक्ष में कुर्सी, टेबल क्यों नही लगा है। इस पर उन्हें बताया गया कि नई प्रखंड भवन में पुराने प्रखण्ड भवन से सामग्री लाया जा रहा है, शीघ्र ही सारी व्यवस्था हो जायगी। बार-बार आग्रह करने पर भी मेरे अधिसूचित कुर्सी से नहीं उठे। इस पर अंचल अधिकारी, लातेहार को सूचित करने पर अंचल गार्ड के साथ स्वयं आए तथा अंचल अधिकारी एवं अंचल गार्ड के कहने पर मेरे कार्यालय कक्ष से बाहर आकर कहे की आप बीडीओ का काम कैसे यहां करते है। जिससे मेरे मान सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है यह लिखित के साथ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया।

## महाशिवरात्रि की तैयारी में जुटी महाकाल सेवा समिति व हिंदू उत्सव समिति

- भव्य झांकी व महाभंडारे का होगा आयोजन
- झांकी की शुरुआत शाम 5 बजे गायत्री मंदिर के समीप से होगी, जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण आकर संपन्न हो जाएगी


जानकारी देते समिति के अध्यक्ष।

**चंदवा।** महाशिवरात्रि को लेकर चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैयारी जोरों पर है। शिवभक्त पूरी तन्मयता के साथ महाशिवरात्रि की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए महाकाल सेवा समिति व हिंदू उत्सव समिति के द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है। समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर भव्य झांकी निकाली जाएगी, झांकी की शुरूआत शाम 5 बजे गायत्री मंदिर के समीप से होगी, जो नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण आकर संपन्न हो जाएगी। झांकी के उपरांत भव्य भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जहां हजारों भक्तों के लिए महा प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। महाशिवरात्रि के मौके पर गायत्री परिसर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भव्य श्रृंगार दर्शन कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। सुबह 6 बजे जलाभिषेक किया जाएगा, जिसके बाद सुबह में ही भस्मा आरती किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इन्होंने धर्म प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की है।

## बालूमाथ में संचालित सभी बैंक और महिला समूह की हुई बैठक

- अटल पेंशन योजना में 18 से 40 वर्ष के लोग शामिल हो सकते हैं
- योजना में शामिल होने पर 60 वर्ष की उम्र तक प्रीमियम राशि (किस्त) जमा करनी होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे शुक्रवार को बालूमाथ में संचालित सभी बैंक और महिला समूह की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जेसलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आलोक कुमार ने किया। बैठक मे सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गयी। उपस्थित बैंक अधिकारियों के द्वारा समूह की महिलाओ को जानकारी देते हुए कहा की भारत सरकार ने समाज के गरीब और कम आय वर्ग के विकास के लिए एक नई जीवन बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की है। सुरक्षा बीमा योजना 20 रुपये प्रति वर्ष की न्यूनतम प्रीमियम दर के साथ यह नीति समाज के गरीब और निम्न आय वाले वर्ग के लिए सबसे अधिक फायदेमंद है। वही अटल पेंशन योजना में 18 से 40 वर्ष के लोग शामिल हो सकते है, योजना में शामिल होने पर आपको 60 वर्ष की उम्र तक प्रीमियम राशि (किस्त) जमा करनी होगी। 60 वर्ष के बाद आपको 1000 से 5000 रुपये तक मासिक पेंशन दी जाएगी। बैंक अधिकारियों ने महिला समूह से अपील करते हुए कहा कि आपलोग इन तीनो योजना का लाभ उठाएं एवं लोगो को योजना के बारे में जानकारी दे। अबतक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मे सुरक्षा बीमा योजना 116, जीवन ज्योति योजना 28, स्टेट बैंक मे सुरक्षा बीमा योजना 200, जीवन ज्योति योजना 100, सेन्ट्रल बैंक मे सुरक्षा बीमा योजना 50, जीवन ज्योति योजना 50 लोगो को किया गया है। आयोजित बैठक मे बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मैंनेजर महिपाल नायक, सेंट्रल बैंक मैंनेजर संतोष कुमार, स्टेट बैंक स्टॉफ देवदत कुमार, सोनी कुमारी, ग्रामीण बैंक कर्मी देवनारायण यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य प्रियंका ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन


ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते जिप सदस्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के बसिया ग्राम में बीते चार महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी के प्रयास के बाद बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफमर लगाया गया। जिसका शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य प्रियंका कुमारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा,अमित कुमार ने फीता काटकर किया। गांव में नया ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगो में खुशी का मौहोल देखा गया। ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाई खिला अपने खुशी का इजहार किया। मौके पर मो०जावेद, अजय चौधरी, प्रसाद चौधरी, सत्यम, राजन लाल, मो.नईम, मो.जसीम, रविन्द्र, मो.मोइन, उर्मिला देवी, रीना कुमारी, मंगरी देवी, ललिता कुमारी, प्रतिभा देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### वन विभाग ने पीड़ित परिवार की मदद की


पीड़ित परिवार को मदद राशि देते वन विभाग की टीम।

**बारियातू।** प्रखंड के जबरा में बिछड़े हुए अकेला हाथी ने व्यक्ति को कुचल कर मारने के बाद पहुंचे वन विभाग की टीम तत्काल सहायता के लिए पीड़ित परिवार को चालीस हजार नगद दिए। ग्रामीणों के बीच टोर्च को भी वितरण की गई। वन विभाग बालूमाथ के फोरेस्टर बिजय शंकर शर्मा ने मृतक के परिजनों को 40 हजार रुपये सहयोग राशि दिया। सहयोग राशि देने आए विजय शंकर शर्मा ने कहा की हाथी द्वारा मौत के बाद विभागीय चार लाख मुवावजा राशि देने का प्रावधान है। जिसमें चालीस हजार दे दी गई। एक से दो दिनों मे बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेज जमा करने के बाद साठ हजार और दी जाएगी बाकी शेष राशि विभागीय प्रकिया के तहत तीन लाख खाता मे भेजा जायेगा। हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच टॉर्च का भी वितरण किया गया। इधर मृतक बबिता देवी के परिजनों से जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पंचायत मुखिया राजीव भगत, समाजसेवी नंदू उरांव, मो माशूम ने मिलकर कर संतावना देते हुए हर संभव मदद करने की बात कहीं।

### दुर्घटनाग्रस्त वाहन को उठाने गयी क्रेन पलटी

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमटोली के पास दुर्घटनाग्रस्त वाहन मिलर वाहन को उठाने गयी क्रेन पलट गयी। क्रेन के पलटने के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। क्रेन के पटलने के बाद सीएमएम पथ पर भारी जाम लग गयी व काफी संख्या में लोग जाम में फंस गए। खबर लिखे जाने तक शाम को समाप्त कर आवागमन में सुगम करने का प्रयास चल रहा था।

## बेस्ट सहिया अवार्ड के लिए बीटीटी पर पांच हजार रिश्वत मांगने का आरोप, जांच करने पहुंचे पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जांच करते अधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत बिटीटी हिरामन पांडे पर बालूमाथ की सहिया शीला देवी से बेस्ट सहिया अवार्ड के लिए 5000 रिश्वत की मांग करने का आरोप लगायी है। शीला देवी ने इसकी शिकायत लातेहार सिविल सर्जन से की। सिविल सर्जन ने रिश्वत की मांग की जाच जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोपनो को दिया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने शुक्रवार को जांच करनेबालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां सहिया शीला देवी एवं बिटीटी से पूछताछ की। जांच पदाधिकारी ने कहा कि अभी दोनों पक्षों की लिखित रूप से अपना पक्ष रखने को कहा गया है ।सारे पहलू को एक साथ रख कर जांच की जा रही है जांच रिपोर्ट बरिय पदाधिकारी को दी जाएगी। तथा इस मामले में अगर दोषी पाए जाते हैं तो बिटीटी के ऊपर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जाएगा। ज्ञात हो कि बालूमाथ में बेस्ट सहिया का अवार्ड देने की घोषणा राज्य सरकार द्वारा की गई है।लेकिन अवार्ड देने के एवज में भी पैसे की मांग करना प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम उपस्थित थे।

### छिपादोहर में सड़क सुरक्षा और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान


वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**छिपादोहर।** पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड पिकेट के समीप छिपादोहर थाना पुलिस ने सड़क सुरक्षा और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे सभी दुपहिया और चार पहिया वाहनो की सघन जांच की गई, जिसमे सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट ओर वाहन के कागजात साथ मे ले कर चलने की हिदायत दी गयी। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने सभी लोगों को बताया कि पुलिस आप लोगों की ही सुरक्षा को ले कर चेकिंग अभियान चलाती है ताकि आप यातायात नियमो का पालन कर सुरक्षित रहें। आप लोगों को जागरूक करने के साथ साथ आपकी सुरक्षा को लेकर ये सब काम करती है ताकि आप सुरक्षित रहें और अपने परिवार के लोगों का सहारा बन सके, सड़क दुर्घटना होने से कई लोगो की मृत्यु हो जाती है और परिवार बिखर जाता है इसलिए आप जब भी दुपहिया वाहन चला रहे हो हेलमेट जरूर पहन कर चलाये। आप अपने और अपने परिवार के लोगों के बारे में सोच कर ट्रैफिक नियमो का पालन करे।

## आज भी पिछड़ा हुआ है आदिवासी समाज, शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में मजबूत बनने की है जरूरत : मुनेश्वर उरांव

# शहीद वीर बुधु भगत जयंती पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- हर वर्ष कमेटी को 1 लाख 1 रुपये सहयोग राशि देंगे राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह उर्फ गिरिजी
- एकदिवसीय मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य।


शहीद वीर बुधु भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के पल्हेया पंचायत अंतर्गत स्थित बरवही गांव में दिन शुक्रवार को शहीद वीर बुधु भगत आयोजक कमेटी बरवही (मनिका) के द्वारा अमर शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह उर्फ गिरी जी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, समेत अन्यों का कमेटी के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने फूल माला और ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए स्वागत किया। जहां कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शहीद वीर बुधु भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। और मुख्य अतिथियों के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं जयंती समारोह को लेकर एक दिवसीय मेला भी आयोजित की गई थी मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।

### पूर्वजों के संघर्ष व बलिदान को आत्मसात करने की जरूरत : गिरजानंद सिंह

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि आज हम अपने पूर्वजों का जयंती धूमधाम से मना रहे हैं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सत्यानंद भोक्ता को भी आना था लेकिन किसी कारणवश वे कार्यक्रम में नहीं आए लेकिन मैं आशा और विश्वास दिलाता हूं कि अगले वर्ष हम लोग 2 दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेंगे जिसकी तैयारी 1 महीने पूर्व से की जाएगी और कार्यक्रम का समापन भी हम लोग सुचारू रूप से करेंगे। उन्होंने आदिवासी कमेटी को कहा कि मैं बुलंदी के साथ बताना चाहता हूं कि अपने पूर्वजों के पूजा पाठ करने में जरा सा भी कोताही ना बरतें आज इन्हीं के सहारे हम लोग राजनीति,शिक्षा और संस्कृति पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को कहा कि मैं जब तक इस क्षेत्र में राजनीतिक से जुड़ा रहूंगा तब तक हर वर्ष कमेटी को 1 लाख 1 रुपए सहयोग राशि देता रहूंगा।

### शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में मजबूत बनने की है जरूरतः मुनेश्वर उरांव

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कहा कि शहीद वीर बुधु भगत देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दिए थे, आज हमारे आदिवासी समुदाय के लोग बहुत पिछड़े हुए हैं हमें अपने समुदाय के लोगों को शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में मजबूत बनाने की जरूरत है। हमारे समुदाय के वीरों ने अंग्रेजों से लड़ने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है आज हमारे नौजवान साथियों के कंधों पर समाज को संगठित और शिक्षित बनाने की जिम्मेवारी है। मौके पर कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों से लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव ने किया।

### कार्यक्रम में राजद प्रत्याशी एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष के आने से लोगों की खुशी लौटी

मंत्री के नहीं आने से लोगों में काफी मायूसी थी लेकिन विशिष्ट अतिथि के रूप में राजद प्रत्याशी गिरिजा नंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के आने से लोगों की खुशी दोबारा चेहरे पर देखने को मिली। आपको बताते चलें कि गिरजानंदन सिंह चेरो लोगों के काफी चाहते बनते जा रहे हैं उनके समर्थन में लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसे लेकर आने वाले विधानसभा चुनाव में चर्चा का विषय बना हुआ है। गिरजा नंदन सिंह लोगों को हर संभव सहयोग करने की भावना रखते हैं जिस वजह से उन्होंने सभी के दिलों में अपने लिए एक अलग पहचान बनाया है।

### मंत्री के नहीं आने से कार्यकर्ताओं में मायूसी

कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की आने की चर्चा जोरों पर थी सुबह से ही राजद कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ता उनकी स्वागत के लिए इंतजार कर रहे थे लेकिन किसी कारणवश मंत्री कार्यक्रम में नहीं आ पाए जिससे कार्यकताओं में काफी मायूसी का माहौल बना हुआ था।

### कौन-कौन थे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य बलवंत सिंह,भाजपा नेता रघुपाल सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष राज किशोर सिंह,बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,कमेटी के अध्यक्ष बहादुर उरांव, सचिव कृष्णा उरांव,राजद युवा कार्यकर्ता रुपेश यादव,राजद जिला प्रभारी देववंश मांझी,राजद जिला किसान मोर्चा जितेंद्र प्रसाद यादव,राजेंद्र प्रसाद यादव,शंभू यादव,बसंत यादव,समेत हजारों हजार की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

